# Sem-4 — Abnormal Psychology

असामान्य मनोविज्ञान का अर्थ मनोविज्ञान की उस शाखा से है जिसमें उन व्यक्तियों का वैज्ञानिक रूप से अध्ययन किया जाता है जो असामान्य व्यवहार वाले होते है

(1) असामान्य मनोविज्ञान भी एक प्रकार का विज्ञान है

अंग्रेजी में असामान्य मनोविज्ञान (Abnormal Psychology) को कहा जाता है Abnormal शब्द की उत्पत्ति (Anomel) से हुई जिसका अर्थ है - किसी भी कार्य का नियमित न होना। शाब्दिक अर्थ के आधार पर असामान्य मनोविज्ञान को अनियमित व्यवहार का मनोविज्ञान कहा जाएगा। इस प्रकार Abnormal शब्द का अर्थ असामान्य है असामान्य मनोविज्ञान के शाब्दिक अर्थों के आधार पर ही किरकिर महोदय ने इसकी परिभाषा देते हुए कहा है कि वे मानव व्यवहार और अनुभूतियां जो अनोखे या असामान्य समझे जाते है

मनोवैज्ञानिकों की परिभाषा - ब्राउन के अनुसार - असामान्य मनोविज्ञान व्यक्ति के लक्ष्य निर्देशित क्रियाओं पर निराशाओं के प्रभाव से उत्पन्न संघर्षों के समाधान के रूप में विकसित होने वाली असामान्य रूपों की व्यक्तिगत संरचना का अध्ययन करता है

(2) आइजेनक के अनुसार - असामान्य व्यक्ति के व्यवहार का अध्ययन ही असामान्य मनोविज्ञान है।

(3) जेम्स ड्रेवर के अनुसार - मनोविज्ञान की वह शाखा जिसके अन्तर्गत व्यवहार या मानसिक घटना की विषमता का अध्ययन किया जाता है उसे असामान्य मनोविज्ञान कहते है

# Abnormal Psychology क्या है

असामान्य मनोविज्ञान – मनुष्यों के व्यवहार कई रूपों में होते हैं सामान्य तौर पर इन्हें (normal) सामान्य और abnormal असामान्य दो अलग-अलग वर्गों में बांटा जाता है असामान्य अंग्रेजी के Abnormal का हिन्दी अनुवाद है जिसका अर्थ जो सामान्य नहीं है या जो सामान्य से परे हो या अलग हो।

सामान्य शब्द लैटिन के नौरमा (norma) शब्द से बना है जिसका अर्थ समाज विशेष का accepted standard अथवा आदर्श (norms) होता है (मान्य स्तरमान) मतलब कि व्यक्ति का व्यवहार समाज द्वारा मान्य व्यवहार के समान है तो उसे सामान्य कहेंगे और उससे विपरीत हो तो असामान्य कहेंगे।

असामान्य मनोविज्ञान का जनक यूनानी चिकित्सक हिप्पोक्रेटस, जिन्हें पश्चिमी चिकित्सा का जनक माना जाता है हिप्पोक्रेटस और उनके सहयोगियों ने 450 से 350 ईसा के पूर्व के बीच हिप्पोक्रेटिक कोपस लिखा जिसमें उन्होंने सुझाव दिया कि असामान्य व्यवहार का इलाज किसी भी अन्य बीमारी की तरह किया जा सकता है।

असामान्यता का अर्थ – असामान्यता एक व्यावहारिक विशेषता है जो उन लोगों को दी जाती है जिनकी स्थिति असामान्य मानी जाती है व्यवहार को असामान्य तब माना जाता है जब यह असामान्य या सामान्य से अलग हो और वो अवांछनीय व्यवहार से युक्त हो जिसके परिणामस्वरूप व्यक्ति के कामकाज में कमी आए।

असामान्य व्यक्तित्व जिसकी अभिव्यक्ति नाना उन्मादों में होती है

असामान्य व्यवहार का मतलब है, ऐसा व्यवहार जो सामान्य व्यवहार से अलग हो और अक्सर नकारात्मक रूप से देखा जाए। यह व्यवहार व्यक्तिगत संकट का कारण बन सकता है

असामान्य उदाहरण (1) किसी व्यक्ति के जीवन में समस्याएं पैदा करना (2) दूसरों के लिए भयावनकारी होना (3) सामाजिक मानदंडों का उल्लंघन करना (4) रोजमर्रा की जिम्मेदारियों का सामना करना मुश्किल होना (5) नियमित दिनचर्या का दैनिक कामकाज में बाधा डालना।